तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 यात्री बसों की जांच में मिलीं खामियां, एक जब्त



खबर संक्षेप

2026 की सेमेस्टर परीक्षाएं 17 नवम्बर से

अम्बिकापुर। राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिसम्बर 2026 की सेमेस्टर परीक्षाएं 17 नवंबर से प्रारम्भ हो रही हैं। विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए सेमेस्टर परीक्षा 17 नवंबर से लेकर 23 दिसम्बर के मध्य आयोजित की जा रही है । इस परीक्षा हेतु परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया चल रही है । परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है।

तीसरे दिन बहु मंजिला इमारतों पर हुई कार्रवाई

अंबिकापुर। बांकी नहर पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रही। तीसरे दिन बड़ी बिल्डिंगों के कब्जे को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान विरोध की स्थिति भी निर्मित हुई। इस दौरान प्रशासन ने अतिक्रमण वाले हिस्से पर बुलडोजर चलाने के बाद उन्हें खुद से शेष अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी। बता दें कि शहर के दरिमा चौक से खरसिया चौक के बीच बांकी नहर के रूट कैनाल पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के तहत 27 अतिक्रमण कारियों को नोटिस दिया गया था और दो दिनों में 23 अतिक्रमण हटाए गए जबकि तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जल संसाधन विभाग के ईई अशोक निरंजन के निर्देश पर टीम ने गुरुवार को नहर की जमीन पर बनी बहु मंजिला इमारतों पर कार्रवाई की। नहर की जमीन पर पांच और चार मंजिला भवन बने थे। ऐसे में नाप जोख के बाद अतिक्रमण वाले हिस्से पर बुलडोजर चलाया गया। टीम ने बुलडोजर से निर्माणाधीन भवन की दीवार गिराने की कार्रवाई की। हालांकि कार्रवाई से पूरी बिल्डिंग को नुकसान पहुंचने की संभावना थी ऐसे में टीम ने दीवार गिराने के बाद पिलर व शासकीय भूमि से शेष अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाने का निर्देश दिया।

करंट की चपेट में आने से मजदूर की गई जान

अम्बिकापुर। घर के आंगन में फर्स ढलाई करने के दौरान मिक्सर मशीन में करंट फैल जाने तथा मजदूर के संपर्क में आने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लोसगा निवासी विमल बड़ा आ. बाबूलाल (30 वर्ष) बुधवार को शहर के गोधनपुर में मजदूरी करने गया था। मोहल्ले के दीपक सिंह के यहां घर के आंगन फर्श ढलाई करने के दौरान जैसे ही मजदूर मिक्सर मशीन को पकड़ा तभी मिक्सर मशीन में करंट प्रवाहित होने के कारण गिर गया। करंट लगने के बाद मजदूर उठा और शोर मचा कर मशीन में करंट फैलने की बात कही और दोबार आंगन में ही गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने मजबूर को तत्काल शहर के मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मजदूर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर गांधीनगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

लाखों खर्च के बाद भी नहीं सुधर रही बाल संप्रेक्षण गृह और प्लेस ऑफ सेफ्टी की सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में बाल संप्रेक्षण गृह और प्लेस ऑफ सेफ्टी से अपचारी बालकों के फरार होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 9 महीनों में 5 बार अपचारी बालकों के भागने की घटनाएं सामने आई। इनमें से दो घटनाओं में तो अपचारी बालकों ने सुरक्षा गार्ड पर भी हमला किया। इन घटनाओं के बाद बाल संप्रेक्षण गृह और प्लेस ऑफ सेफ्टी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए है। बड़ी बात यह है कि पिछली घटनाओं के बाद संस्थाओं में 30 लाख रूपए तक खर्च कर दिए गए और गार्ड की संख्या में भी वृद्धि की बात कही जा रही है लेकिन इसके बाद भी अपचारी बालकों के भागने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है।

- **फरवरी से अब तक 5 बड़ी घटनाएं, दो में सुरक्षा कर्मियों पर हमला, लगातार उठ रहे सुरक्षा पर सवाल**

बता दें कि सरगुजा जिले में संचालित बाल संप्रेक्षण गृह और प्लेस ऑफ सेफ्टी में विभिन्न अपराधिक घटनाओं में शामिल



अपचारी बालकों को रखा जाता है। इनमें से प्लेस ऑफ सेफ्टी में 16 से 18 वर्ष के बीच के किशोर अपचारी बालकों को रखा जाता है लेकिन इन दोनों ही बाल संप्रेक्षण गृह और प्लेस ऑफ सेफ्टी से अपचारी बालकों के भागने की घटनाएं लगातर सामने आ रही है। 16 फरवरी से 12 अक्टूबर तक कुल 46 अपचारी बालक इन दोनों ही संस्थाओं से भाग निकले। इस दौरान उन्होंने दो घटनाओं में तो सुरक्षा कर्मियों पर भी हमला किया और जिनमें दो को चोटें आई। सोमवार की रात हुई घटना में तो प्लेस ऑफ सेफ्टी के अपचारी बालकों ने रसोईया पर गर्म दाल उड़ेलकर जला दिया और सुरक्षा कर्मियों को कमरे में बंद कर भाग निकले। बड़ी बात यह है कि इनमें से कई अपचारी बालकों का अब तक पता नहीं चल सका है और पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

सुधार के बाद भी घटनाएं

फरवरी से जुलाई के बीच हुई घटनाओं में यह बात सामने आई कि बाल संप्रेक्षण गृह और प्लेस ऑफ सेफ्टी में खिड़की दरवाजे कमजोर थे। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था काफी जर्जर थी। ऐसे में कलेक्टर व एसएसपी ने भी इन संस्थाओं का निरीक्षण किया और सुधार एवं मरम्मत के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगभग 30 लाख रूपए खर्च कर खिड़की दरवाजों को मजबूत करने के साथ ही दीवारों में मरम्मत कार्य कराया गया। इसके साथ ही सुरक्षा कर्मियों की संख्या में भी वृद्धि की गई। वर्तमान में रात के समय होम गार्ड के तीन और दिन में दो सुरक्षाकर्मी तैनात हो रहे है लेकिन इसके बाद भी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। लाखों खर्च और गार्ड की संख्या में वृद्धि के बाद भी अपचारी बालकों के सुरक्षा घेरा तोडकर फरार होने पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे है कि कैसे इस पर लगाम लगेगी और कैसे बाल सुधार गृह में रखे जाने वाले बालक सुधर पाएंगे।

घटनाओं पर एक नजर

घटना क्रमांक 1- 16 फरवरी की रात प्लेस ऑफ सेफ्टी में 2 सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर 13 अपचारी बालक फरार।
घटना क्रमांक 2-23 जून की रात बाल संप्रेक्षण गृह की खिड़की तोड़कर 11 अपचारी बालक फरार हुए।
घटना क्रमांक 3-14 जुलाई की रात बाल संप्रेक्षण गृह के ग्रिल गेट को फैलाकर 13 अपचारी बालक फरार हुए।
घटना क्रमांक 4-24 जुलाई प्लेस ऑफ सेफ्टी के बाथरूम के रोशनदान को तोड़कर 3 अपचारी बालक फरार हुए।
घटना क्रमांक 5-12 अक्टूबर की रात प्लेस ऑफ सेफ्टी में रसोईया पर गर्म खाना फेंककर और गार्ड को कमरे में बंदकर 6 अपचारी बालक भाग निकले।

कराए जा रहे है सुरक्षा के उपाय

घटनाओं के बाद दीवालों के सुदृढ़ करने का काम किया गया है। अपचारी बालक हमला आर भागे थे, पकड़ने गए गार्ड को मारकर बंद कर दिया। व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए डबल लेयर में फेंसिंग का कार्य कराया जा रहा है। सुरक्षा के उपाय लगातार जारी है।
-**जेआर प्रधान,** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग

अस्पताल में लटका ताला, अस्पताल के सामने हुआ प्रसव

गणेशपुर स्वास्थ्य केंद्र में नवजात की मौत पर बवाल, ग्रामीण चिकित्सा सहायक निलंबित



अस्पताल के सामने प्रदर्शन करते परिजन व ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

गणेशपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटकने तथा प्रसूता का प्रसव अस्पताल के सामने होने के बाद नवजात की मौत हो जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अस्पताल स्टाफ के नदारद रहने और नवजात की मौत की घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं ⏭शेष पेज 4 पर

खास बातें
- डॉक्टर-नर्स की अनुपस्थिति का आरोप
- आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

बच सकती थी बच्चे की जान

मृत नवजात के पिता अनिल सारथी ने घटना पर दुख जताते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना है कि यदि गणेशपुर स्वास्थ्य केंद्र में समय पर ताला खुला होता और चिकित्सा स्टाफ मौजूद रहता, तो शायद उनके बच्चे की जान बच सकती थी। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए मामले में जिम्मेदार सभी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। परिजन का कहना है कि रात के समय आपातकालीन प्रसव के लिए स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक सुविधाएं और कर्मचारी उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सीएमएचओ ने जारी किया निलंबन आदेश

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्रामीण चिकित्सा सहायक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजेश पटेल को प्रथम दृष्टया कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। आदेश में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों के तहत कार्रवाई का उल्लेख है। जांच दल का प्रतिवेदन प्राप्त होने तक निलंबन प्रभावी रहने की बात भी आदेश में कही गई है।

परिजन को दी गई समझाइश

गणेशपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे प्रसव के समय डॉक्टर सहित नर्स नहीं थे। ऐसे मे शिशु का जन्म के बाद मौत हो गई। परिजन सहित गांव के लोगों ने काफी हंगामा मचाया और प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान परिजन को समझाइश दी गई जिसके बाद मामला शांत हुआ। महिला को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है जहां महिला की हालत ठीक है।
-**सुनील अग्रवाल,** एसडीएम रामानुजनगर

किया गया है निलंबित

घटना बहुत ही चिंताजनक है, निश्चित ही स्वास्थ्य विभाग गणेशपुर के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा स्थाई और नियमित ड्यूटी नही करने के कारण इस तरह की घटना हुई है। एक डॉक्टर व एनएम को कार्य में लापरवाही पर निलंबन किया गया है। इस मामले में कलेक्टर द्वारा जांच टीम गठित कर उच्च स्तरीय जांच कराया जाएगा। जांच उपरांत दोषियो के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
-**डॉ. प्रशांत सिंह,** सीएमएचओ सूरजपुर

कार्यपालन अभियंता के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रायपुर के विद्युत विभाग में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ महिला के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। कार्यपालन अभियंता ने परिजन बिजली विभाग के ठेकेदार को मकान बेचने का झांसा देकर लाखों रुपए ठग लिए थे।

पुलिस के मुताबिक दरिमा रोड निवासी प्रीतम गोयल (32 वर्ष) जो रायगढ़ में व्यवसाय करने के साथ बिजली विभाग में ठेकेदारी का काम करता है। इसी बीच युवक की पहचान साल 2024 में दरिमा में सहायक अभियंता के पद पर पदस्थ रूप जिंदर कौर भल्ला से हुई। पहचान होने के बाद सहायक अभियंता रूप जिंदर कौर ने युवक से 15 लाख की मांग की तो युवक ने रुपए नहीं होने की बात कही। जिस पर सहायक अभियंता ने दरीपारा स्थित अपने मकान को बेचने की बात कही जिससे युवक व सहायक अभियंता के बीच मकान का सौदा 16 लाख रुपए में तय हुआ। युवक ने मकान खरीदने के एवज में सहायक अभियंता को राशि दी। इसी बीच सहायक अभियंता रूप जिंदर कौर का ट्रांसफर रायपुर में कार्यपालन अभियंता के पद पर हो गया और वह रायपुर चली गई। इधर युवक मकान का रजिस्ट्री कराने के लिए कई बार कार्यपालन अभियंता से संपर्क किया यहां तक की युवक रायपुर जाकर उससे मकान का रजिस्ट्री करने कहा। महिला के रजिस्ट्री नहीं करने पर शहर आकर युवक ने पता किया तो पता चला की मकान पहले ही किसी दूसरे को बेच दिया गया है। युवक की शिकायत पर आज कोतवाली पुलिस ने कार्यपालन अभियंता के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

उर्सु लाइन छात्रावास की छत पर चढ़ी छात्रा, दी आत्महत्या की धमकी

अंबिकापुर। गुरुवार को शहर के आकाशवाणी चौक स्थित उर्सु लाइन स्कूल परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब स्कूल के छात्रावास की एक बच्ची छात्रावास की छत पर आत्महत्या करने के लिए चढ़ गई। छात्रा आक्रोशित होकर चिल्लाने के साथ ही आत्महत्या करने की धमकी दे रही थी। इस घटना से स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया। इस घटाना की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची थी। इस दौरान लोगों ने बच्ची को समझाने का काफी प्रयास किया। घंटे भर तक चले हंगामे के बाद एक युवक ने छत पर चढ़कर किसी तरह बच्ची को पकड़ कर सकुशल नीचे उतार लिया जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

- **मचा हडकंप, युवक ने सूझबूझ से छात्रा को पकड़कर उतारा नीचे**

बताया जा रहा है कि गुरुवार की शाम शहर के आकाशवाणी चौक स्थित उर्सु लाइन हायर सेकेंडरी



स्कूल के छात्रावास की दूसरी मंजिल की छत पर देर शाम 12वी कक्षा की एक छात्रा चढ़ गई। छात्रा जोर जोर से चिल्लाने के साथ ही छत से कूदकर आत्महत्या करने की धमकी दे रही थी। इस घटना के बाद स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया। छात्रा के छत पर चढने की जानकारी मिलने के बाद आस पास की भीड़ भी एकत्रित हो गई। लोगों ने बच्ची को समझाने का ⏭शेष पेज 4 पर

हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज, कोर्ट में समर्पण के बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

शिक्षक से दस हजार की मांग व वीडियो वायरल करने वाले तीन यूट्यूबर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर







जिले के पस्ता थाना क्षेत्र में पुलिस ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शिक्षक से दस हजार रूपए की मांग करने वाले तीन यूट्यूबरों को गिरफ्तार किया है। अपराध दर्ज होने के बाद तीनों युवक लम्बे समय से फरार चल रहे थे। आरोपियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दरअसल बलरामपुर जिले के पस्ता थाना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पुटसु में पदस्थ सहायक शिक्षक और प्रभारी प्रधान पाठक रुकमण बारीक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि यूट्यूबर दीपक यादव और उसके सहयोगियों ने अपने फाउंडेशन के नाम पर दस हजार रूपए की मांग की गई थी। रूपए नहीं देने पर 25 अगस्त को दोपहर 1 बजे दीपक के सहयोगी श्रवण यादव और सूर्या यादव विद्यालय पहुंचे और बिना अनुमति वीडियो बनाने लगे। इस दौरान उन्होंने शिक्षक के साथ अभद्र व्यवहार करने के साथ ही रूपए नहीं देने पर वीडियो को यूट्यूब और फेसबुक पर वायरल करने, नौकरी से निलंबित करने की धमकी दी। इस दौरान आरोपियों ने शिक्षक के वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। इससे शिक्षक की व्यक्तिगत एवं सामाजिक प्रतिष्ठा तथा विद्यालय की छवि प्रभावित हुई। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 221, 351(2), 308(2), 356(3), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने शिक्षक व गवाहों के बयान दर्ज करने के साथ ही विद्यालय का निरीक्षण किया और सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो एवं फोटो के स्क्रीनशॉट से संबंधित पेन ड्राइव जब्त की किया। पुलिस ने शिक्षक की नियुक्ति एवं पदस्थापना से संबंधित दस्तावेज भी प्राप्त किए गए। इधर अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहे थे। आरोपियों ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में अग्रिम जमानत हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसे न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया। जमानत याचिका खारिज होने के बाद 14 अक्टूबर को तीनों आरोपियों ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया जिसके बाद न्यायालय से पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यूट्यूबर बलरामपुर टांगरमहरी निवासी 23 वर्षीय दीपक यादव आ. हीरालाल यादव, पस्ता पुटसु निवासी 34 वर्षीय श्रवण यादव आ. राधा किशुन यादव व बलरामपुर इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 निवासी 20 वर्षीय सूर्या यादव आ. स्व. अजय यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



खबर संक्षेप

शाउमा विद्यालय कछौड़ में जागरूकता कार्यक्रम



मनेन्द्रगढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कछौड, जिला एमसीबी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करने के साथ समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। इस अवसर पर छात्राओं को शिक्षा के महत्व, समान अवसरों की आवश्यकता तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया गया।

विश्व हाथ धुलाई दिवस पर स्वस्थ जीवन का संदेश

मनेन्द्रगढ़। विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर जिले के ग्राम पंचायत चैनपुर स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में स्वच्छ हाथ, स्वास्थ्य जीवन की थीम पर हाथ धुलाई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित हाथ धुलाई तथा संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि स्वच्छ हाथ न केवल अच्छे स्वास्थ्य की पहचान है, बल्कि अनेक बीमारियों से बचाव का प्रभावी माध्यम भी हैं।

प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसिलिंग 16 को

मनेन्द्रगढ़। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसिलिंग का आयोजन 16 अक्टूबर 2026, शुक्रवार को किया जाएगा। कक्षा 9वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध मेरिट सूची में शामिल पात्र छात्र-छात्राओं को काउंसलिंग के लिए आमंत्रित किया गया है।

नियमों का पालन नहीं करने वाले संचालकों को नोटिस

यात्री बसों की जांच में मिलीं खामियां, एक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला परिवहन कार्यालय कोरिया द्वारा विभिन्न मार्गों पर संचालित यात्री बसों एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के अंतर्गत चलने वाली बसों की जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर एक बस जब्त की गई, जबकि कमियां मिलने पर कुछ बस संचालकों को नोटिस जारी कर 10 दिन के भीतर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

- कमियां दूर करने के लिए 10 दिन की मोहलत

जिला परिवहन अधिकारी अमित कश्यप से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जांच के दौरान बसों में कई तरह की अनियमितताएं सामने आईं। कुछ मामलों में चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस एवं आधार कार्ड उपलब्ध नहीं मिले। वहीं, कंडक्टर द्वारा निर्धारित किराए से अधिक राशि वसूलने तथा बस में किराया सूची प्रदर्शित नहीं किए जाने की शिकायतें भी मिलीं। इसके अलावा बसों में अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन खिड़की एवं निकास द्वार, सीसीटीवी कैमरा और प्राथमिक उपचार पेटी जैसी आवश्यक सुरक्षा सुविधाओं में भी कमियां पाई गईं। विभाग ने नोटिस प्राप्त बस संचालकों को निर्धारित 10 दिन की समय-सीमा में पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित अवधि में व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं किए जाने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सकती है। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य यात्री बसों के संचालन में नियमों का पालन सुनिश्चित करने के साथ यात्रियों को सुरक्षित और बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है।





सुरक्षा सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश

जांच के दौरान मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के अंतर्गत संचालित बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों से सेवा के संबंध में फीडबैक भी लिया गया। परिवहन विभाग ने सभी बस संचालकों को वाहनों में निर्धारित किराया सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने, साफ-सफाई बनाए रखने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बसों में आवश्यक सुरक्षा उपकरणों और आपातकालीन व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने की हिदायत दी गई है।

ओलंपिक में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में आयोजित तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता वर्ष 2026-27 का गुरुवार को समापन हुआ। समापन अवसर पर अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

- मिनी स्टेडियम में आयोजित ब्लाक स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का समापन

खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 अक्टूबर तक किया गया। आयोजन कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव तथा खंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक की नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती दीपिका नेताम के निर्देशन में संपन्न हुआ। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहले दिन 13 अक्टूबर को 100, 200 एवं 400 मीटर दौड़, तवा फेंक, लंबी कूद, गोला फेंक और भाला फेंक की प्रतियोगिताएं हुईं। दूसरे दिन 14 अक्टूबर को वॉलीबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल, तीरंदाजी, बैडमिंटन तथा जूनियर वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। अंतिम दिन 15 अक्टूबर को सीनियर वर्ग की फुटबॉल, कबड्डी, रस्साकस्सी एवं कराटे की प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं।

समापन समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष उदय सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे एवं पार्षद अनिल खटीक उपस्थित रहे।

अतिथियों ने विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के सहायक नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए. पन्ना, खेल एवं युवा कल्याण के नोडल सूरज कुमार, खेल प्रभारी सादिर खान, उपेंद्रपाल उपस्थित रहे। आयोजन में व्यायाम शिक्षकों, जनपद पंचायत के कर्मचारियों, प्रतिभागियों एवं बड़ी संख्या में दर्शकों की सहभागिता रही।

आयोजन के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष उदय सिंह, पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, पार्षद अनिल खटीक खण्ड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक प्रतियोगिता सहायक नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ए. पन्ना, उद्घोषक डॉ. महेश मिश्रा खेल एवं युवा कल्याण के नोडल सूरज कुमार, खेल प्रभारी सादिर खान, उपेंद्रपाल, की उपस्थिति में विजेताओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया।



गरबा स्थलों का एसपी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नवरात्रि पर्व एवं आगामी गरबा आयोजनों के मद्देनजर जिले में शांति, कानून व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों एवं गरबा आयोजन स्थलों का निरीक्षण किया।

- सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

इस दौरान उन्होंने आयोजन समितियों के पदाधिकारियों से चर्चा कर सुरक्षा एवं व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने गरबा नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन स्थलों पर प्रवेश एवं निकास द्वार, प्रकाश व्यवस्था, अग्निशमन उपकरण, पार्किंग और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही आयोजन समितियों को सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं, युवतियों और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। आयोजन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस बल के साथ सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।



नवरात्रि पर देवी मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर मनेन्द्रगढ़ नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में प्रतिदिन मां दुर्गा का विशेष श्रृंगार, पूजा-अर्चना और महाआरती की जा रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। शाम को होने वाली महाआरती में काफी संख्या में भक्त शामिल होकर मां दुर्गा के जयकारे लगाते हैं, वहीं जगह-जगह भंडारों का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं भोजन वितरित किया जा रहा है। श्री राम मंदिर के संस्थापक महंत पंडित ओम नारायण द्विवेदी ने नवरात्रि पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां की आराधना के साथ मानव सेवा और परोपकार करना भी इस पर्व का महत्वपूर्ण संदेश है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि शक्ति की उपासना का पावन पर्व है। इन नौ दिनों में श्रद्धालु मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हैं। यह पर्व हमें श्रद्धा, संयम, सकारात्मकता और अच्छे कर्मों की प्रेरणा देता है। महंत ओम नारायण द्विवेदी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों की सार्थकता तब और बढ़ जाती है, जब उनके माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग और सद्भाव की भावना मजबूत होती है। भंडारे और प्रसाद वितरण जैसे आयोजन लोगों को आपस में जोड़ने के साथ जरूरतमंदों की सहायता करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे नवरात्रि पर्व को पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाएं तथा धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करें।



देवी मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित श्री शीतला माता की मढ़िया में नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन मां का विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। यहां होने वाली महाआरती में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर मां का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। आरती के दौरान मंदिर परिसर भक्तों से भर जाता है और मां के जयकारों से वातावरण गूंज उठता है। इसी प्रकार आमाखेरवा रोड स्थित श्री दुर्गा धाम में भी नवरात्रि को लेकर विशेष धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।

कबाड़ गोदामों पर पुलिस की दबिश, 13 क्विंटल लोहा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कबाड़ की आड़ में चोरी के लोहे की खरीद-बिक्री की आशंका के बीच कोतवाली पुलिस ने दो कबाड़ गोदामों में छापामार कार्रवाई करते हुए करीब 13 क्विंटल लोहा कबाड़ जब्त किया है। जब्त कबाड़ की कुल अनुमानित कीमत 32 हजार 750 रूपए बताई गई है। पुलिस ने दोनों मामलों में कबाड़ की खरीदी-बिक्री से संबंधित दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है तथा जब्त सामग्री के वास्तविक स्त्रोत और मालिक की पतासाजी की जा रही है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में जिले में चोरी की संपत्ति और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 13 अक्टूबर को कोतवाली प्रभारी विवेक पाटले को मुखबीर से सूचना मिली कि मौहारपारा स्थित राजू कबाड़ी तथा चनवारीडांड स्थित चुनमुन कबाड़ी के गोदामों में बड़ी मात्रा में लोहा कबाड़ रखा हुआ है। सूचना की तस्दीक के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा एवं कोतवाली प्रभारी विवेक पाटले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों स्थानों पर दबिश दी।

डाक विभाग के संभागीय मुख्यालय बना बैकुंठपुर

बैकुण्ठपुर। जिला मुख्यालय में नया डाक प्रभाग मुख्यालय बनाया जाएगा। इसके लिए डाक विभाग ने कोरिया पोस्टल डिवीजन के गठन को मंजूरी दे दी है। इस आशय की जानकारी देते हुए चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शारदा गुप्ता ने कहा कि सरकार के इस कदम से बैकुंठपुर में डाक विभाग की प्रशासनिक भूमिका बढ़ेगी और मजबूत होगी। नए प्रभाग के गठन के बाद शीघ्र ही डाक सेवाओं से जुड़े प्रशासनिक कार्यों, कर्मचारियों, रिकॉर्ड और परिसंपत्तियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू होगी। निश्चित रूप से कोरिया जिले के विकास की दिशा में सरकार का प्रगतिशील कदम है। जिस प्रकार से पहली अमृत स्टेशन योजना में बैकुंठपुर रेलवे स्टेशन सह रेलवे कालोनी का क्रमिक विकास किया जा रहा है । फिर लोक निर्माण विभाग के संभागीय मुख्यालय हेतु स्वीकृति प्रदान की गई और अब डाकघर के संभागीय मुख्यालय को मंजूरी दी गई है, सारे कदम स्पष्ट प्रदर्शित करते है कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार कोरिया जिये के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है । इसके साथ ही कोरिया के विकास के लिए विभिन्न परियोजनाओं के लिए राशि स्वीकृत की जा रही है जिससे जनतामूलक सुविधाओं में अत्यधिक बढ़ोत्तरी होगी।

अमरकंटक जूना अखाड़ा संत हत्याकांड कोर्ट ने दोषी को तत्काल जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर

अनूपपुर जिले के अमरकंटक स्थित जूना अखाड़ा से जुड़े संत की हत्या के मामले में न्यायिक प्रक्रिया का कड़ा फैसला सामने आया है।



राजेंद्रग्राम अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने आरोपी वीरेंद्र सिंह खटेट को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोषी पर 10,000 रूपए का अर्थदंड भी अधिरोपित किया है। अदालत का यह निर्णय धार्मिक आस्था और कानून-व्यवस्था के संरक्षण की दिशा में एक अहम नजीर बना है। पवित्र तीर्थ नगरी अमरकंटक गढ़ीदादर चचानडीह में शिवदावा आश्रम जूना अखाड़े के संत की जघन्य हत्या के मामले में कानून का शिकंजा आखिरकार पूरी तरह कस गया है। राजेंद्रग्राम स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धनकुमार कड़ोपे की अदालत ने उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्यों, प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों और अभियोजन पक्ष की अकाट्य दलीलों पर विचार करते हुए मुख्य आरोपी वीरेंद्र सिंह खटेट को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह पूरा प्रकरण केवल एक आपराधिक घटना भर नहीं था, बल्कि अनैतिक प्रवृत्तियों और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध उठाई गई आवाज को दबाने का प्रयास भी था। राजेंद्रग्राम स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने भोलगिरी खड़ेश्वरी अलबेले संत हत्याकांड की गंभीरता को देखते हुए दोषी वीरेंद्र सिंह खटेट को किसी भी प्रकार की न्यायिक राहत देने से इनकार कर दिया है। न्यायाधीश धनकुमार कड़ोपे ने स्पष्ट किया कि अपराध की प्रकृति अत्यंत गंभीर और समाज विरोधी है। अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ 10,000 रू. का जुमार्ना अदा करने का आदेश भी पारित किया है। जुमार्ना न चुकाने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास का प्रावधान रखा गया है।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प.क्र.- /ब-121/2026-27

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शफी अहमद आ. हाजी अब्दुल वहीद खान निवासी मोमिनपुरा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2540/12 रकबा 0.248 हे. मेसे रकबा 0.020 हे. भूमि को अनावेदक आसिफ खान आ.स्व. अब्दुला खान निवासी ओ.एफ. रानी किराना स्टोर के सामने हबीबनगर वार्ड नंबर 42 अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 16,85,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुंजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 16.11.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः 13/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर (छ.ग.)
रा.प.क्र. ब/121 वर्ष
ग्राम-सोनवाही प.ह.न....

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवचन्द राजवाड़े आ.स्व. मनकेश्वर जाति रजवार निवासी ग्राम सोनवाही प.ह.न.... रा.नि.म... तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के माता स्व.मानकुवर राजवाड़े का मृत्यु दिनांक 24/11/2024 को ग्राम सोनवाही में हुई है, अज्ञानतावश मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत सोनवाही को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 21/10/26 तक अपना आपत्ति इस न्यायायल में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लटोरी
जिला सूजरपुर, छ.ग.

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला- सरगुजा (छ.ग.)
रा.प.क्र. /ब-121/2026-27

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स कोणार्क बिल्डर्स द्वारा भागीदार मनीष सिंह आ.सुधाकर सिंह, निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भगवानपुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 201/2 रकबा 0.2634 हे. में से कुल 334.65 वर्ग मीटर भूमि एवं उस पर निर्माणाधीन मकान को अनावेदिका रीना कश्यप पति सुरेन्द्र कश्यप, व अन्य 02, निवासी वार्ड नंबर 15 देवीगंज रोड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) को कुल रू.75,00,000/- (पचहत्तर लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/11/2026 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला- सरगुजा (छ.ग.)
रा.प.क्र. /ब-121/2026-27

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स कोणार्क बिल्डर्स द्वारा भागीदार मनीष सिंह आ.सुधाकर सिंह, निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम सोनपुरकला स्थित भूमि खसरा नंबर 3/123, 3/127, 3/128, 3/129, 3/130, 3/133 व 3/134 में से कुल रकबा 0.172 हे.(1760.75 वर्ग मीटर) भूमि एवं उस पर निर्माणाधीन मकान को अनावेदक राकेश कुमार गुप्ता आ.रामाधार प्रसाद गुप्ता व अन्य 21, निवासी रिंग रोड नमनाकला, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) को कुल रू. 5,30,00,000/- (पांच करोड़ तीस लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/11/2026 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2, जिल-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प.क्र. /अ-6/2025-26

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अम्बिकेश केशरी आ.बलराम केशरी, निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा ग्राम श्रीगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 276/4 रकबा 0.478 हे. भूमि को विक्रेता सुरेश कुमार अग्रवाल आ.स्व.देवीप्रसाद अग्रवाल व अन्य, निवासी ब्रम्हरोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. द्वारा दिनांक 05.10.2019 को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। आवेदक द्वारा पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण बावत् आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 23/10/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28/9/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

TOP IN SURGUJA
















खबर संक्षेप

कोल इंडिया के ठेका श्रमिकों की बढ़ी मजदूरी, 1 अक्टूबर से नई दरें लागू

बिश्रामपुर। कोल इंडिया लिमिटेड ने खनन कार्यों में नियोजित ठेका श्रमिकों की दैनिक मजदूरी की नई दरें जारी कर दी हैं। 12 अक्टूबर के कार्यालय आदेश के अनुसार संशोधित दरें 1 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेंगी। नई दरों के तहत अकुशल श्रमिकों को 1341 रुपए, अर्धकुशल श्रमिकों को 1375 रुपए, कुशल श्रमिकों को 1409 रुपए और उच्च कुशल श्रमिकों को 1443 रुपए प्रतिदिन मजदूरी मिलेगी। इन दरों में मूल मजदूरी के साथ परिवर्तनीय महंगाई भत्ता शामिल है। कोल इंडिया ने औद्योगिक श्रमिकों के मूल्य सूचकांक के आधार पर महंगाई भत्ते की संशोधित दरों को शामिल करते हुए यह निर्णय लिया है। नई दरों के अनुसार भुगतान सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदारों और नियोजन एजेंसियों की होगी। इससे कोयला खदानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों के वेतन भुगतान पर सीधा असर पड़ेगा।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा में अंकिता गुप्ता ने किया क्वालीफाई

बिश्रामपुर। नगर की मेधावी छात्रा ग्राम सतपता निवासी एकांत स्वीट्स के संचालक सुरेंद्र गुप्ता की पुत्री कु. अंकिता गुप्ता ने पीएचडी प्रवेश



परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार सहित बिश्रामपुर को गौरवान्वित किया है। उन्होंने अखिल मेरिट सूची में 35 वां स्थान प्राप्त कर क्वालीफाई किया है। अंकिता ने कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर से प्रारंभिक शिक्षा तथा डीएवी स्कूल से 12 वीं तक की पढ़ाई की इसके बाद वाराणसी के सनबीम संस्थान से बीकॉम और एमकॉम की उपाधि प्राप्त की। अपनी मेहनत, लगन और शैक्षणिक प्रतिभा के दम पर हासिल इस उपलब्धि से उनके परिवार और नगर में हर्ष का माहौल है।

सेवा संकल्प अभियान पर शहीद रमाशंकर को दी गई श्रद्धांजलि, परिजन का हुआ सम्मान



लखनपुर। विकासखंड के ग्राम अमदला में सेवा संकल्प अभियान के तहत 14 अक्टूबर को शहीद रमाशंकर के निवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्राम सरपंच, सचिन, ब्राह्मण और परिजन द्वारा शहीद रमाशंकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शहीद को नमन करते हुए उनके बलिदान और योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान शहीद रमाशंकर के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहीद के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके परिवार के योगदान और त्याग को स्मरण किया गया ।सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों के बलिदान को याद करना नई पीढ़ी को उनके योगदान से प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से शहीदों के सम्मान और उनके परिवार के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। इस दौरान सरपंच श्रीमती ज्योति सिंह सचिव सत्यनारायण शहीद रमाशंकर के परिजन और ग्रामीण उपस्थित रहे।

नवरात्रि के उपलक्ष्य में लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में मचेगी गरबा की धूम, तैयारियां पूरी

सीतापुर। नवरात्र पर्व के अवसर पर देश भर में मची गरबा की धूम के बीच नगर में भव्य और ऐतिहासिक गरबा रास महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। नगर में दूसरी बार इतने विशाल पैमाने पर सामूहिक डांडिया और सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन हो रहा है। 16 अक्टूबर दिन शुक्रवार की संध्या को नगर के हृदयस्थल माने जाने वाले लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में गरबा का भव्य महोत्सव आयोजित किया गया है। इस गरबा महोत्सव में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कलाकार खुशी माली अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगी। तारक मेहता का उल्टा चश्मा सीरियल में अपनी कलाकारी का लोहा मनवा चुकी इस कलाकार को देखने नगरवासियों समेत क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह है। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर के युवाओं द्वारा आयोजित किया गया है।आयोजन समिति द्वारा स्टेडियम में इस गरबा महोत्सव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दूसरी बार नगर में हो रहे गरबा महोत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

सड़क दुर्घटना में वृद्धा की मौत, शिनाख्त के बाद पुलिस ने किया मर्ग कायम

अम्बिकापुर। सड़क दुर्घटना में गंभीर वृद्धा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल मौत हो गई। मृतिका की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने लाश को मरच्यूरी कक्ष में रखवाया था। बुधवार को मृतिका की पहचान परिजन द्वारा किए जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतिका दाई का काम करती थी और प्रसूता को सूरजपुर जिला अस्पताल पहुंचाने गई थी। घर लौटते समय सड़क हादसे में घायल हो गई थी। जानकारी के अनुसार नर्मिति बाई पति अजय साय (65 वर्ष) गांव में दाई का काम करती थी। गत दिन वह पड़ोसी महिला का प्रसव कराने के लिए सूरजपुर जिला अस्पताल छोड़ने आई थी। जब वह घर लौटने लगी तभी 11 अक्टूबर को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। वृद्धा को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां 13 अक्टूबर को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इधर प्रसूता को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद वृद्धा घर नहीं लौटी तो परिजन उसे तलाश रहे थे। खोजबीन करते हुए परिजन जिला अस्पताल अंबिकापुर पहुंचे और वृद्धा की पहचान नर्मिति बाई के रूप में की। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

अटैचमेंट पर चल रहे शिक्षकों को नहीं भेजा मूल पद पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

बलरामपुर जिला में शिक्षा विभाग के नियमों के खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। राज्य सरकार द्वारा बार-बार दिशा निर्देश जारी करने के बावजूद निर्देशों का पालन जिले में शिक्षा विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। ऐसे में शिक्षक संलग्नीकरण और अटैचमेंट में चल रहे शिक्षकों को मूल पद पर नहीं भेजा गया है।

विकासखंड बलरामपुर में जहां राज्य सरकार द्वारा 5 जून और दोबारा 14 जुलाई को निर्देश जारी किया था। निर्देश में कहा गया है कि जितने भी शिक्षक संलग्नीकरण और अटैचमेंट में चल रहे हैं उन्हें तत्काल समाप्त किया जाए और मूल पद पर वापस जाएं अन्यथा उनके वेतन रोक जाएगी। नियम में यह भी कहा गया था कि जो शिक्षक जहां पदस्थ है वहीं पर ऑनलाइन हाजिरी के बाद ही उनका वेतन बनेगा लेकिन जिले के बलरामपुर विकासखंड में जुगाड़ का खेल इतना हावी है कि इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है।



बलरामपुर विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में विकासखंड स्त्रोत समन्वय के पद पर शिक्षक सुरेश सिंह पदस्थ है। उनका जुगाड़ इतना जबरदस्त है राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा आदेश जारी होने के बाद भी यह मूल पद पर वापस नहीं हुए हैं जिससे सामान्य शिक्षकों में आक्रोश का माहौल है। आरोप है कि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी से मिली भगत करके अपना मूल पद वापसी नहीं होने का जुगाड़ बना लिया और तब से लेकर आज तक लगभग 2 वर्ष से भी ऊपर समय हो जाने के बावजूद भी इन्हें मूल पद पर वापस नहीं भेजा गया। शिक्षकों का कहना है कि जब सभी शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त हो गया तो उनका अटैचमेंट आज तक क्यों समाप्त नहीं हुआ।

शिक्षक होना चाहिए व्याख्याता

नियम के अनुसार विकासखंड स्त्रोत समन्वय के पद संभालने के लिए शिक्षक व्याख्याता होना चाहिए। साथ ही इस तरह के कार्यों के लिए तीन से 5 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। इसके अलावा जिस शिक्षक को विकासखंड स्त्रोत समझ में बनाना है वह शिक्षक उसी विकासखंड का होना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी और जिला सामग्र परियोजना अधिकारी द्वारा समिति बनाकर के मिनिमम 2 वर्षों के लिए उनकी नियुक्ति की जाती है, लेकिन इस तरह के नियमों पालन नहीं किया गया बल्कि लंबी अवधि से अटैचमेंट पर ही दूसरे विकासखंड के सामान्य शिक्षक सुरेश सिंह विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जैसे प्रशासनिक पद संभाल रहे हैं जो कि उनके योग्यता के अनुरूप नहीं है।

कंप्यूटर सहित टेक्निकल ज्ञान का अभाव

सूत्रों के मुताबिक शिक्षक सुरेश सिंह बलरामपुर विकासखंड के शिक्षक नहीं है इनका मूल पद स्थापना रामचंद्रपुर विकासखंड में माध्यमिक शाला विद्यालय में शिक्षक के पद पर है और इन्हें कंप्यूटर सहित टेक्निकल ज्ञान का अभाव है। इस तरह के कार्यों में उनके तीन से पांच वर्ष का अनुभव भी नहीं है और इस तरह से यह पद के लिए उपयुक्त भी नहीं है। इसके बाद भी लंबे अवधि से सामान्य शिक्षक शिक्षा विभाग प्रशासनिक कार्यों का निर्वहन कर रहा है जो समझ से परे है।

आदेश का कराया जाएगा पालन

जिले में अभी भी अटैचमेंट पर शिक्षक है तो इसकी जानकारी नहीं है। इस संबंध में जानकारी लेता हूं। अगर शिक्षक मूल पद पर नहीं गए है तो उन्हें मूल पद पर वापस भेजने की कार्रवाई की जाएगी। शासन का आदेश है मूल पद पर भेजना उसका पालन कराया जाएगा।

-नरेंद्र कुमार निरापूरे, डीईओ

रोमांचक मुकाबले में धनगांव की टीम को दी शिकस्त

फाइनल मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट एफसी क्लब बलरामपुर ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम धनगांव स्थित जय मां काली स्टेडियम में आयोजित स्वामी विवेकानंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन 14 अक्टूबर को रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। 6 अक्टूबर से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान धनगांव और एफसी क्लब बलरामपुर की टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। निर्धारित समय तक मुकाबला गोल रहित रहने के बाद पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें एफसी क्लब बलरामपुर ने 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया।

खास बातें
- निर्धारित समय के खेल में दोनों टीमें नहीं कर सकीं गोल
- अतिरिक्त पेनाल्टी शूटआउट में 1-0 से जीता मैच

फाइनल मुकाबले के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया। 35-35 मिनट के दोनों हाफ में खिलाड़ियों ने कई बेहतरीन मूव बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के कारण पहले पांच-पांच पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। इसके बाद भी फैसला नहीं होने पर दोबारा तीन-तीन पेनाल्टी शूटआउट कराया गया, जिसमें एफसी क्लब बलरामपुर ने 1-0 से जीत हासिल की। रोमांचक मुकाबले के दौरान स्टेडियम में मौजूद दर्शक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते रहे। कार्यक्रम में रामानुजगंज नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा मैदान में मौजूद दर्शकों से मुलाकात की। प्रतियोगिता के दौरान खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। फाइनल मुकाबला देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक जय माँ काली स्टेडियम पहुंचे। आयोजन समिति ने महिलाओं के लिए अलग से पंडाल की व्यवस्था की थी, जहां सैकड़ों महिलाओं और बच्चों ने भी मैच का आनंद लिया। प्रतियोगिता ने ग्रामीण क्षेत्र में फुटबॉल के प्रति युवाओं के उत्साह और खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर प्रदान किया। बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ ही स्वामी विवेकानंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ।



अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी।

निर्णायकों और कमेंटेटरों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले का संचालन शेखर प्रधान, पीटीआई ने कराया था। वहीं फाइनल मैच में विश्रामपुर के प्राचार्य मोहरलाल कुजूर, पीटीआई नोबोर केरकेट्टा तथा लाइनमैन दिलीप और प्रमथ सरकार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे मुकाबले के दौरान कमेंटेटर दिवाकर मुखर्जी और मंगल विश्वास ने शानदार कमेंट्री कर दर्शकों का उत्साह बनाए रखा। उनकी रोचक कमेंट्री से मैदान में मौजूद खेल प्रेमियों का रोमांच और बढ़ गया।

समिति और युवाओं के प्रयास से सफल हुआ आयोजन

स्वामी विवेकानंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन में समिति के सदस्यों और स्थानीय युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन को व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए संजू सरकार, चितरंजन विश्वास, अभय मृधा, जयंत हालदार, शिवा सरकार, अंकित मंडल सहित अन्य युवा लगातार जुटे रहे।



बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता व बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु डीईओ ने की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले में शैक्षणिक स्तर को अधिक सुदृढ़ करने तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में एक दिवसीय समीक्षा सह उन्मुखीकरण बैठक आयोजित की गई।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में आयोजित इस बैठक में विकासखंड सूरजपुर के सभी 34 हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य तथा गणित, अंग्रेजी, भौतिकी और रसायन शास्त्र जैसे प्रमुख विषयों के व्याख्याता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्यों एवं व्याख्याताओं से सीधा संवाद स्थापित कर पाठ्यक्रम की प्रगति, कक्षा अध्यापन की स्थिति और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से कठिन माने जाने वाले विषयों गणित, भौतिकी, रसायन और अंग्रेजी में विद्यार्थियों की रुचि और समझ बढ़ाने के लिए आधुनिक व प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया, डीईओ ने भौतिकी और रसायन शास्त्र के व्याख्याताओं को प्रयोगशालाओं का नियमित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थी सिद्धांतों को प्रयोगात्मक रूप से समझ सकें। वहीं गणित और अंग्रेजी में मूलभूत अवधारणाओं को स्पष्ट करने हेतु विद्यार्थियों से निरंतर अभ्यास कार्य कराने पर जोर दिया,उन्होंने त्रैमासिक परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर शैक्षणिक रूप से पिछड़े छात्रों को चिह्नित कर उनके लिए अतिरिक्त समय देकर उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए। बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर संपूर्ण पाठ्यक्रम पूरा कराएं, जिससे विद्यार्थियों को रिविजन और मॉडल प्रश्न-पत्र हल करने का पर्याप्त अवसर मिल सके। साथ ही शिक्षकों एवं विद्यार्थियों दोनों की शत-प्रतिशत और समयबद्ध उपस्थिति अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। शाला स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और सकारात्मक शैक्षणिक माहौल बनाने पर विशेष जोर दिया गया। डीईओ ने समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कराने, कक्षा में मोबाइल ले जाने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं,साथ ही संस्था प्रमुख की भी जवाबदेही तय होगी। बैठक में सहायक संचालक अजय सिंह, सहायक जिला परियोजना अधिकारी चंद्रपाल कुशवाहा, सहायक परियोजना समन्वयक निर्झर मंदिलवार, सूरजपुर बीईओ हरेंद्र सिंह, संकुल समन्वयक गौरी शंकर पाण्डेय उपस्थित रहे।



सीएसआर मद से 55 ग्रामीण महिलाएं को दी गई सिलाई व परिधान निर्माण की ट्रेनिंग

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा सीएसआर मद के तहत महिला सशक्तीकरण एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने परिधान प्रशिक्षण एवं अभिकल्पना केंद्र के माध्यम से चार माह का व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया, जिसके बाद प्रशिक्षित महिलाओं को सिलाई मशीन व सिलाई किट का वितरण कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 1 जुलाई को हुआ था, चार माह तक चले इस प्रशिक्षण में महिलाओं को सिलाई, परिधान निर्माण तथा इससे संबंधित विभिन्न व्यावहारिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के परिधान तैयार करने की तकनीक सीखीं और अपने हुनर को निखारा। समापन कार्यक्रम में एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय सिंह, आरजीके उपक्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत शर्मा, बिश्रामपुर क्षेत्र के सीएसआर नोडल अधिकारी आशीष क्लेरेंस तथा रेहर भूमिगत खदान के नोडल अधिकारी श्रेयांश दुबे भी मौजूद रहे। परिधान प्रशिक्षण एवं अभिकल्पना केंद्र के प्रभारी डी.पी. सिंह मरकाम तथा प्रशिक्षिका कलावती साहू ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

खान प्रभावित क्षेत्र गेतरा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधि के अंतर्गत गुरुवार,15 अक्टूबर को खदान प्रभावित क्षेत्र गेतरा में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 84 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

- 84 ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकों द्वारा दिए परामर्श अनुसार नि:शुल्क दवा हुई वितरित

कार्यक्रम क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह एवं आरजीके यूजी माइंस के उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी.के. शर्मा एएमओ यूएस बैठा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीता लाल, चिकित्सक डॉ. हर्षवर्धन सिंह एवं दंत शल्य चिकित्सक डॉ. सत्यपाल जोलहे ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य की जांच, सामान्य बीमारियों का परीक्षण, दंत परीक्षण, बीपी एवं शुगर की जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा आवश्यक सावधानियों के संबंध में भी जानकारी दी। चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर के सफल संचालन मे केंद्रीय चिकित्सालय की टीम सक्रिय रही।



शशि, प्रिया और डॉ. सुनील राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

डांड़गांव। नेशनल एंटी करप्शन कमीशन द्वारा नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से उदयपुर के भदवाही प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक श्रीमती शशि शर्मा, अम्बिकापुर के महेशपुर प्राथमिक शाला की श्रीमती प्रिया सिंह व उदयपुर क्षेत्र के पेंडरखी माध्यमिक शाला के शिक्षक डॉ सुनील कुमार यादव को सम्मानित किया गया। यह सम्मान मानवता, समाज और राष्ट्र के प्रति उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। सम्मान-पत्र में मानवता को बढ़ावा देने, सामाजिक सद्भाव बनाए रखने, नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने तथा राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की गई है। यह पुरस्कार समाज एवं राष्ट्र के प्रति सकारात्मक योगदान और जनकल्याण के कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से प्रदान किया गया है ।इस अवसर पर शाला के स्टाफ, खंड शिक्षा अधिकारी और समस्त परिजन में हर्ष व्याप्त है।



दुर्गा पंडाल के पास निकला विशाल सर्प वन विभाग ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

बिहारपुर। चांदनी बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अन्तिकापुर में दुर्गा पूजा पंडाल के पास एक विशाल सर्प दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सांप को देखकर ग्रामीणों ने उसे अजगर समझा और तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक दुर्गा पूजा पंडाल के बगल में अचानक विशाल सांप दिखाई दिया। सांप के आकार बड़ा होने के कारण ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़कर रेस्क्यू किया। ग्रामीण उसे अजगर समझ रहे थे, लेकिन वन विभाग की टीम ने उसकी पहचान अहिराज के रूप में की। इसके बाद सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। वन विभाग ने लोगों से कहा कि सांप दिखाई देने पर घबराएं नहीं और उसे पकड़ने या मारने का प्रयास न करें। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दें, ताकि लोगों की सुरक्षा के साथ वन्यजीवों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा सके।



कृषि विभाग द्वारा किसानों को दिया गया एफएफएस ऐप का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

रबी सीजन 2026-27 में उर्वरक वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, वैज्ञानिक और डिजिटल बनाने के लिए कृषि विभाग द्वारा एफएफएस ऐप लागू की गई है। इस संबंध में ब्लॉक मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण दे रहे उर्वरक निरीक्षक संतोष बेक ने बताया कि इस ऐप के जरिये किसान घर बैठे खाद बुक कर सकते है। ऐप के जरिये मिलने वाला ई-टोकन 48 घंटे तक वैध रहेगा।

- खाद की कालाबाजारी पर लगेगा अंकुश

उर्वरक निरीक्षक ने बताया कि अब किसानों को खाद के लिए लैंप्स या सोसायटियों के चक्कर काटने और लंबी लाइनों में लगने की आवश्यकता नहीं होगी। किसान अब अपने स्मार्टफोन में एफएफएस ऐप डाउनलोड कर आधार ओटीपी या फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से आसानी से अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। इसके अलावा किसान सीतापुर और आसपास के केंद्रों में उपलब्ध खाद का लाइव स्टॉक घर बैठे ऐप पर पहले ही देख सकेंगे। इस ऐप के जरिये ऑनलाइन बुकिंग होने पर एक डिजिटल ई-टोकन या क्यूआर कोड जेनरेट होगा जो दो दिनों तक वैध रहेगा। जिसके आधार पर निर्धारित समय में चिह्नित दुकान पर जाकर जरूरत के अनुसार खाद प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस ऐप को राज्य के फार्मर रजिस्ट्री,एग्रीस्टैक पोर्टल से मर्ज किया गया है। ग्रामीण अंचलों में जिन किसानों के पास स्मार्टफोन की सुविधा नहीं है या जिन्हें तकनीकी रूप से ऐप चलाने में परेशानी आ रही है। वे नजदीकी ई-मित्र केंद्र सहकारी समितियों या कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर अपनी अग्रिम बुकिंग करवा सकते हैं। एसडीओ कृषि विभाग अनिता एक्का ने बताया कि इस डिजिटल कदम से ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को रबी फसलों की बुआई के दौरान समय पर और सही दाम पर खाद मिलने में बड़ी राहत मिलेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एसएडीओ कृषि लिली मॉरिस बखला एडीओ महेंद्र पैंकरा रामप्यारी आरएईओ शैलेंद्र विशि उर्मिला कुजूर मनोरंजनी केरकेट्टा बी एस कुर्रे जे पी नाग लेमेश्वर सिंह सी आर तिर्की रामकेश्वर पैंकरा अरुणा लकड़ा धनमेत केरकेट्टा बीटीएम शशिकला एटीएम अमित भगत समेत किसान उपस्थित थे।



खबर संक्षेप

जंगली सुवाओं से फसल बचाने लगाए तरंगित तार में फंसकर युवक की मौत

अंबिकापुर। जिले के लखनपुर क्षेत्र में जंगली सूअरों से अपनी फसलों को बचाने के लिए लगाए गए तरंगित तार के जाल में फंसकर युवक की मौत हो गई। युवक दिन के समय युवक लाइन से तार हटाने के लिए गया हुआ था। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि कुन्नी चौकी अंतर्गत ग्राम रेम्हला और लब्जी के बीच झिलमिली जंगल में 25 वर्षीय जुगेश्वर पावले ने फसल को जंगली सूअरों से बचाने के लिए जीआई तार में करंट प्रवाहित किया था। तार को पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से जोड़ा गया था। बुधवार तड़के जुगेश्वर खेत की ओर गया था। इसी दौरान वह करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। दोपहर बाद खेत में शव मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को लखनपुर अस्पताल भेजा। रात होने के कारण बुधवार को शव का पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव गांव ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था नहीं हो पाई। बताया गया कि शव वाहन का चालक मौजूद नहीं था। इसके बाद जीवन दीप समिति के चालक को बुलाया गया, लेकिन लगातार ड्यूटी का हवाला देते हुए उसने वाहन ले जाने से इनकार कर दिया। उसने इस मामले की जानकारी मंत्री राजेश अग्रवाल को फोन पर दी। इसके बाद शव वाहन को लेकर परेशानी बढ़ गई और हंगामे जैसी स्थिति बन गई। मामले की जानकारी मिलने पर मंत्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू और नगर पंचायत अध्यक्ष मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था कराई। घटना से परिजनों में शोक है।

पेज 1 के शेष...

गणेशपुर स्वास्थ्य केंद्र में नवजात की...

स्वास्थ्य अधिकारी ने ग्रामीण चिकित्सा सहायक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजेश पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे एसडीएम श्री अग्रवाल की समझाइश के बाद आंदोलन समाप्त हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा सारथी पति अनिल सारथी (22 वर्ष) को प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन 14 अक्टूबर की रात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेशपुर लेकर पहुंचे। परिजन का आरोप है कि जिस समय प्रसूता को अस्पताल लेकर पहुंचे उस समय स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटका हुआ था और डॉक्टर तथा नर्स मौजूद नहीं थे। ऐसी स्थिति में अस्पताल के सामने ही प्रसव हुआ। प्रसव होने के पश्चात ही नवजात की मौत हो गई। समय पर उपचार नहीं मिलने से प्रसूता की हालत भी बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई। परिजन आनन-फानन में प्रसूता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर लेकर पहुंचे, जहां उपचार के बाद प्रसूता की हालत खतरे से बाहर है। इधर नवजात की मौत हो जाने परिजन सहित गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। घटना से नाराज परिजन और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम किया। इस दौरान बीएमओ और डॉक्टर के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। प्रदर्शन के कारण क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलने पर एसडीएम सुनील अग्रवाल मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी। प्रशासनिक समझाइश और स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। ग्रामीणों की मांग थी कि घटना के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी अन्य परिवार को ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े।

उर्सु लाइन छात्रावास की छत ...

प्रयास किया लेकिन वो अपनी जिद पर अड़ी हुई थी और छत की रेलिंग पर तेजी से चल रही थी जिससे उसके फिसलकर नीचे गिरने का भी खतरा बढ़ गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद गांधीनगर पुलिस भी मौके पर पहुंची जबकि सूचना के बाद जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा भी स्कूल पहुंचे थे। इस दौरान लोगों द्वारा बच्ची को समझाने का प्रयास किया गया जबकि कुछ लोग बिल्डिंग की छत पर पीछे के रास्ते से चढ़े। एक युवक ने छात्रा को पास जाकर समझाने का प्रयास भी किया लेकिन उसने नीचे उतरने से इनकार कर दिया और कूदने की धमकी दी जिसके बाद वह नीचे उतर आया। इसी बीच लटोरी निवासी रोशन ठाकुर नामक युवक ने छत पर चढ़ा। जब छात्रा थक कर बिल्डिंग की रेलिंग पर बैठी तो युवक ने उसे पकड़ लिया और नीचे उतारा जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इस बीच लगभग एक घंटे तक स्कूल परिसर में हंगामा मचा रहा। फिलहाल छात्रा को स्कूल प्रबंधन द्वारा अपने पास रखा गया है और उससे आत्म हत्या के प्रयास के कारणों को लेकर पूछताछ की जा रही है। छात्रा जशपुर जिले की बताई जा रही है। फिलहाल छात्रा द्वारा छत पर चढने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. झा ने भी स्कूल प्रबन्धन से घटना के बारे में जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया था।

ऋण नहीं लेने वाले किसानों के नाम बकाया सूची में शामिल

कालातीत ऋण की सूची सार्वजनिक नहीं होने से बढ़ी किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

धान की फसल तैयार होने में अभी कुछ माह शेष है लेकिन प्रेमनगर और रामानुजनगर क्षेत्र के किसानों को कालातीत ऋण की सूची सार्वजनिक नहीं होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। क्षेत्र के कई किसानों का दावा है कि ऋण नहीं लेने वाले किसानों के नाम पर भी बकाया सूची में शामिल किया है। इधर फर्जी ऋण की आशंका से किसानों में हड़कंप मच गया है। हालांकि उपायुक्त सहकारिता ने शिकायत मिलने पर जांच और वैधानिक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

खास बात
- फर्जी ऋण की आशंका से मचा हड़कंप

सहकारी समितियों एवं बैंकों में कालातीत ऋण वाले किसानों की सूची सार्वजनिक नहीं होने से किसानों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कई किसानों का दावा है कि उन्होंने कृषि ऋण लिया ही नहीं, इसके बावजूद उनके नाम पर बकाया ऋण दर्ज होने की जानकारी मिल रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर किसानों के नाम पर ऋण कैसे दर्ज हुआ और यदि ऋण स्वीकृति में गड़बड़ी हुई है, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है। किसानों का कहना है कि यदि कालातीत ऋण वाले किसानों की सूची संबंधित सहकारी समितियों और बैंकों के सूचना पटल पर उपलब्ध कराई जाए, तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल जानकारी के अभाव में किसान कभी बैंक तो कभी समिति के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। खाद लेने अथवा नया कृषि ऋण प्राप्त करने के लिए पहुंचने पर बकाया ऋण की जानकारी मिलने से उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। किसानों की मांग है कि प्रत्येक संबंधित खाते की जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि ऋण किसके आवेदन पर स्वीकृत हुआ, राशि किसे और किस माध्यम से दी गई तथा ऋण खाते में भुगतान और बकाया की स्थिति क्या है।



कृषि ऋण का लाभ लेने में परेशानी

किसानों का कहना है कि नियमानुसार पात्र किसानों को निर्धारित शर्तों के तहत अल्पकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन जिन किसानों के नाम कालातीत ऋण की श्रेणी में दर्ज हैं, उन्हें नया ऋण लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इससे खाद-बीज की व्यवस्था प्रभावित होने के साथ खेती-किसानी के जरूरी काम भी बाधित होते हैं। किसानों का कहना है कि ऋण संबंधी स्थिति स्पष्ट नहीं होने से उन्हें समय पर खाद उपलब्ध कराने और कृषि कार्यों की तैयारी करने में कठिनाई होती है। खेती के महत्वपूर्ण समय में ऐसी अनिश्चितता अन्नदाताओं के लिए आर्थिक संकट का कारण बन सकती है।

ऋण नहीं लिया तो नाम बकाया में कैसे

कई किसानों का दावा किया है कि जो ऋण नहीं लिए है तो उनके नाम पर बकाया ऋण दर्ज कैसे हो गया है। यदि ऋण के लिए आवेदन नहीं किया और राशि प्राप्त नहीं की, तो उनके नाम पर ऋण स्वीकृत कैसे हुआ। हालांकि इन दावों की पुष्टि संबंधित ऋण खातों, आवेदन पत्रों, स्वीकृति आदेशों और राशि वितरण के अभिलेखों की जांच के बाद ही हो सकेगी। किसानों की मांग है कि प्रत्येक संबंधित खाते की जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि ऋण किसके आवेदन पर स्वीकृत हुआ, राशि किसे और किस माध्यम से दी गई तथा ऋण खाते में भुगतान और बकाया की स्थिति क्या है।

निष्पक्ष जांच की मांग

किसानों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर ऋण संबंधी अभिलेखों का सत्यापन किया जाए। यदि किसी किसान के नाम पर बिना उसकी जानकारी या सहमति के ऋण दर्ज किया गया है, तो जिम्मेदारी तय कर नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही जिन किसानों के खातों में त्रुटियां हैं, उनका समयबद्ध निराकरण किया जाए, ताकि पात्र किसानों को कृषि ऋण की सुविधा से वंचित न होना पड़े।

शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

धान उपार्जन केंद्रों के प्रबंधकों द्वारा किसानों के ऋण संबंधी विवरण संबंधित बैंक शाखाओं को भेजे जाते हैं। उसी के अनुरूप किसानों को ऋण प्रदान किया जाता है। यदि किसी किसान के नाम पर फर्जी तरीके से ऋण स्वीकृत किए जाने का मामला है, तो संबंधित किसान शिकायत दर्ज कराएं। शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी। जांच में अनियमितता प्रमाणित होने पर संबंधित धान उपार्जन केंद्र के प्रबंधक और बैंक प्रबंधक के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

-अनिल कुमार बिंज
उपायुक्त सहकारिता विभाग सूरजपुर



राज्य स्तरीय एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर अंतर्गत राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी में महा शिविर ज्वाल एवं ग्रेट कैंप फायर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा के मुख्य आतिथ्य, शिविर संचालक डॉ. पूनम सिंह साहू की अध्यक्षता तथा राज्य सचिव अमित क्षत्रिय, एसओसी गाइड श्रीमती जलवती साहू एवं एसटीसी गाइड श्रीमती सरिता पांडेय के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

- राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी में जिले के 9 प्रतिभागी शामिल

प्रशिक्षण शिविर 8 से 14 अक्टूबर तक आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेशभर से कुल 93 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। जिले में स्काउट गाइड की गतिविधियों को अधिक सुचारू बनाने के लिए कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशन में एवं जिला शिक्षा अधिकारी तथा स्काउट कमिश्नर अशोक सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले के 9 प्रतिभागियों ने भी एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण में भाग लेकर विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इंदरजीत सिंह खालसा ने स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों, सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, सामाजिक सहभागिता एवं देशप्रेम की भावना को जीवन में आत्मसात करने की बात कही। अतिथियों ने शिविर स्थल में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार किए गए टेंट, गैजेट्स, लेआउट एवं स्वच्छता व्यवस्था सहित विभिन्न प्रायोगिक परियोजनाओं का निरीक्षण किया। प्रशिक्षणार्थियों ने मंकी ब्रिज, कमांडो ब्रिज, ट्रेसल एवं वॉच टावर जैसी स्काउटिंग संरचनाओं के निर्माण की विधि एवं उनके उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। एडवांस स्काउट मास्टर प्रशिक्षण बेसिक स्काउट मास्टर प्रशिक्षण के बाद किया जाता है। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए आदिवासी लोक नृत्य, भोजली, डंडा एवं देवार नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शिविर संचालक डॉ. पूनम सिंह साहू ने बताया कि प्रशिक्षण में 51 स्काउट मास्टर, 18 रोवर स्काउट लीडर, 6 कब मास्टर, 11 राज्य स्टाफ एवं 3 सर्विस रोवर, कुल 93 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर का समापन प्रमाण-पत्र वितरण के साथ हुआ।

कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने राजस्व एवं पुलिस अधिकारी समन्वय से करें कार्य : कलेक्टर

सूरजपुर। जिले में कानून और शांति व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती रेना जमील की अध्यक्षता में लॉ एंड ऑर्डर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं विभिन्न आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई।

- त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने दिए निर्देश

कलेक्टर श्रीमती जमील ने कहा कि त्योहारों के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज परिवहन में लगे भारी मालवाहक वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करने तथा शहर एवं रिहायशी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। कलेक्टर ने दुर्गा पंडालों में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था, प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा रावण दहन स्थलों पर दमकल वाहन एवं एंबुलेंस की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने दीपावली के दौरान पटाखा दुकानों के लिए सुरक्षित स्थल निर्धारित करने तथा सड़क किनारे लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित स्थान पर संचालित कराने को कहा ताकि यातायात बाधित न हो। साथ ही दुर्गा पूजा समितियों एवं डीजे संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश देने, सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने तथा रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने धरना-प्रदर्शन, रैली एवं जुलूस के दौरान यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने को कहा। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर राम सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, एसडीएम, यातायात पुलिस सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर 44 हजार का जुर्माना

अंबिकापुर। शराब पीकर वाहन चलाने के तीन अलग अलग मामलों में पुलिस की कार्रवाई के बाद न्यायालय ने 44 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। कार्रवाई के दौरान बाइक क्रमांक सीजी 15 ईए 2128 के चालक लुंड्रा बरगीडीह निवासी 40 वर्षीय लल्लू गिरी आ. धनी गिरी, बिना नंबर के मॉडिफाइड साइलेंसर लगे मोटरसायकल चालक बतौली सुवारपारा निवासी 19 वर्षीय निशांत कुजूर आ. भूनेश्वर कुजूर व बिना नंबर एवं मॉडिफाइड साइलेंसर लगे मोटरसायकल वाहन चालक सुवारपारा निवासी 20 वर्षीय राकेश तिर्की आ. कमलेश्वर तिर्की को रोककर जांच की गई। तीनों युवक शराब के नशे में धुत पाए गए। पुलिस ने मामले में एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से शराबी चालाक पर 10 हजार जबकि शराब पीने के साथ ही मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले बाइक चालकों पर धारा 185, 182 ए (4), 192(1)(ए) एमवी एक्ट के तहत 17-17 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया।

लिपिंगी और जमदरा गांव में हाथियों ने फसलों को किया बर्बाद

लखनपुर। जिले में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। लखनपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत कुन्नी सर्कल के ग्राम जमदरा और लिपिंगी में बुधवार की रात हाथियों के दल ने जमकर उत्पात मचाया। बताया जा रहा है कि हाथियों का दल उदयपुर क्षेत्र के कर्म कटरा जंगल से निकलकर ग्राम लिपिंगी जमदरा पहुंचा है। ग्राम लिपिंगी जमदरा में हाथियों के दल ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में खड़ी फसलों की तबाही से किसानों की चिंता बढ़ गई है। हाथियों का दिल वापस उदयपुर वन परीक्षेत्र लौट गया। क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लगातार हाथियों के विचरण और फसलों को हो रहे नुकसान से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों को आशंका है कि हाथियों का दल आबादी वाले क्षेत्रों और खेतों की ओर बढ़ सकता है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से कहा कि हाथियों के नजदीक न जाए और उन्हें घेरने या भगाने का प्रयास न करें तथा हाथियों की गतिविधियों की सूचना वन विभाग को दें।



मानस प्रतियोगिता में श्री कृष्णा मानस मंडली कलुआ प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा सेवा समिति, नागरिक समिति एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 'विजयादशमी महोत्सव 2026' के उपलक्ष्य में स्थानीय कला केंद्र मैदान में आयोजित दो दिवसीय श्री रामचरितमानस गायन प्रतियोगिता पुरुष वर्ग की मंडलियों के मध्य अत्यंत रोमांचक एवं कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

कठिन स्पर्धा के बीच श्री कृष्णा मानस मण्डली, कलुआ ने 100 में से 86 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मण्डली को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 11000रू प्रदान की गई। वहीं जय श्री राम मानस परिवार, करवां 85 अंकों के साथ उपविजेता रहा, जिसे द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 7,100/- नकद प्रदान किए गए। तृतीय स्थान पर 80 अंक प्राप्त कर मानस मण्डली, भिट्ठी कला रही, जिसे 5,100/- नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। महोत्सव के प्रथम दिवस संपन्न हुई महिला मानस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित करने वाली प्रज्ञा मानस परिवार (अंजोरखुर्द) को 11,000/- नकद का प्रथम पुरस्कार महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के सौजन्य से प्रदान किया गया। रामकथा के प्रति अटूट आस्था रखते हुए दोनों दिन निरंतर एवं मनोयोग से संपूर्ण मानस पाठ सुनने वाले निष्ठावान श्रोताओं—कमलेश्वर शरण सिंह गोंदा, भास्कर सिंह एवं भरत सिंह को समिति द्वारा मंच पर स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरगुजा सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि दैनिक जीवन के संकटों, द्वंद्वों और पारिवारिक उलझनों को सुलझाने की सबसे सहज संजीवनी है। मानस की चौपाइयों का श्रवण आम व्यक्ति के अंतःकरण को निर्मल करता है और मन से अशांति व नकारात्मकता को दूर कर धैर्य, सेवा और समर्पण का भाव जगाता है। जब जनमानस रामकथा के प्रसंगों को अपने जीवन में उतारता है, तो घरों में कलह समाप्त होकर सुख, शांति और संस्कार का वास होता है। समिति के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि आज की आपाधापी और मानसिक तनाव से भरी जिंदगी में रामचरितमानस आम इंसान को मानसिक संबल और आत्मिक शांति प्रदान करता है। मानस में निहित भ्रातृत्व प्रेम, मात-पिता की सेवा और त्याग के आदर्श आज भी परिवारों को टूटने से बचाने में सबसे बड़े मार्गदर्शक हैं। नागरिक समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि रामचरितमानस आम जनमानस को कर्तव्यबोध, आपसी सद्भाव और सदाचार की प्रेरणा देता है। इसके नियमित श्रवण से व्यक्ति के विचारों में सकारात्मक बदलाव आता है, जिससे सामाजिक समरसता और बंधुत्व की भावना सुदृढ़ होती है। इसके उपरांत कार्यक्रम को भारत सिंह सिसोदिया, त्रिलोक कपूर कुशवाहा एवं ललन सिंह ने भी संबोधित किया तथा आम जनजीवन के चरित्र निर्माण व मानसिक शांति में मानस के अद्वितीय योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

नाथल दाई धाम में नवरात्रि पर माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना

अम्बिकापुर। नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम बेनीपुर रनपुर खुर्द स्थित नाथल दाई मंदिर परिसर में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमा की वि धि व त पूजा-अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

- सामाजिक सद्भाव के लिए बिना साउंड के हो रही आराधना

नाथल दाई समिति, बेनीपुर के पदाधिकारी अनुज दुबे ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर माता नाथल दाई धाम के समीप पंडाल में माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है, जहाँ नौ दिनों तक श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। सामाजिक सद्भाव और सभी की धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करते हुए यहाँ लाउडस्पीकर एवं साउंड बॉक्स के माध्यम से भजन-कीर्तन और आरती नहीं करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि विगत 10 अक्टूबर को तकिया मजार की अंजुमन कमेटी द्वारा आयोजित बैठक में नवरात्रि के नौ दिनों तक बिना साउंड के पूजा-पाठ करने का प्रस्ताव रखा गया था। बैठक में शामिल माता नाथल दाई समिति के सदस्यों एवं अन्य लोगों ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की भावना से इस प्रस्ताव पर सहमति जताई। इसी सहमति के अनुरूप वर्तमान में बिना साउंड सिस्टम के माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की जा रही है। अनुज दुबे ने कहा कि माता नाथल दाई धाम के समीप ही तकिया मजार स्थित है, जहाँ प्रतिवर्ष धार्मिक आयोजन होते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर विभिन्न संप्रदायों के लोग एक-दूसरे के धार्मिक आयोजनों में सहभागिता कर आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते आए हैं। रनपुर खुर्द निवासी अर्जुन राम पटेल ने बताया कि पंडाल में स्थापित माँ दुर्गा के स्वरूप में माता नाथल दाई की आराधना की जा रही है। इस स्थल पर प्राचीन समय से बैगा, देवार, गुनिया एवं ग्रामवासियों द्वारा पूजा-पाठ किया जाता रहा है। ग्रामीणों की गहरी आस्था है कि माता इस स्थल पर विराजमान हैं और श्रद्धालु नियमित रूप से यहाँ दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। श्रद्धालु जन्मेजय मिश्रा ने बताया कि ग्राम बेनीपुर में माता नाथल देवी के प्राचीन मंदिर के अवशेष आज भी मौजूद हैं। स्थल पर बाउंड्रीवाल का निर्माण भी किया गया है। प्राचीन परंपरा के अनुसार यहाँ बैगा, गुनिया, देवार एवं ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना की जाती रही है। ग्रामीणों एवं बुजुर्गों की मान्यता के अनुसार, यह स्थल लगभग 500 वर्ष से अधिक पुराना है। माता नाथल दाई को चंद्रहासिनी देवी की बहन तथा माँ कामाख्या की छोटी बहन के रूप में भी पूजित माना जाता है।





